# COMMON TO ALL UG DEGREE EXAMINATION, OCTOBER 2016
## I YEAR - I SEMESTER
## Foundation Course- Hindi
## PAPER I PROSE, FUNCTIONAL HINDI AND LETTER WRITING

**Time : 3 hours** **Max. marks: 75**

## SECTION A ( 20 Marks )

I किन्हीं **दस** प्रश्नों का उत्तर दीजिए। प्रत्येक का उत्तर 50 शब्दों से ज्यादा न हो। ( 10 X 2 = 20 )

1. रमा बहू बेटू को अम्मा के पास क्यों छोड़ती है?
2. रवीन्द्रनाथ ठाकुर के मतानुसार कौन भिखारी था?
3. सावित्री क्यों अपने भाई गोपालदास के साथ रहने का फैसला करती है ?
4. चित्रगुप्त ने धर्मराज से कौन-सी शिकायत की?
5. अपने शक्ति स्रोत को और अधिक सुदृढ़ क्यों करना है?
6. सेठ के स्वभाव में परिवर्तन कब आया ?
7. अम्मा का परिचय दीजिए।
8. 'भोलाराम जीव' शीर्षक का उद्देश्य क्या है ?
9. किन्हीं **चार** का हिन्दी रूप लिखिए:-
   Acceptance, Bill, Casual, Deputation, Implementation, Optional, Procedure, Sponsor.

10. किन्हीं **चार** का अंग्रेज़ी रूप लिखिए:-
    पात्रता, राजपत्र, मुद्रास्फीति, दर सूची, शोध प्रबन्ध, अस्थयी, संधि, आयोग।
11. किन्हीं **दो** वाक्यांशों का हिन्दी रूप लिखिए:-
    Seen and returned, we have no objection, for the payment of, matter most urgent.

12. किन्हीं **दो** वाक्यांशों का अंग्रेज़ी रूप लिखिए:-
    प्रस्ताव स्वत: स्पष्ट है, संशोधनार्थ, परिवीक्षाधीन, सलाह की प्रतीक्षा में।

## SECTION B ( 25 Marks )

II (a) किन्हीं **तीन** गद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। ( 3 x 5 =15 )

13. अम्मा को बड़ा दुख होगा, और बेटू तुम्हारे पास ज़रा भी तो नहीं आता, वह अम्मा को छोड़कर कैसे रहेगा? ये सारी बातें सोच लो।

14. मरता है तो मरने दो, मैं भी मर रही हूँ। हम दोनों स्वर्गलोक में फिर माँ-बेटे की तरह मिल जाएँगे। इस लोक में सुख नहीं है, वह मेरा बच्चा सुख में रहेगा। मैं वहाँ उसकी ठीक तरह से सेवा-सुश्रूषा करूँगी।

15. पर देखी हुई बहुत-सी चीजें भी वैसी नहीं होतीं, जैसी वे दिखाई दे रहीं हैं। मैंने कहा ना दीदी। यह दुनिया इतनी उलझी हुई है, इतनी उलझी हुई है कि पता ही नहीं चलता कि इसका वास्तविक सिरा है कहाँ।

16. बको मत महाराज। साधु हो, कोई लुच्चे-लफंगे नहीं हो। जिन्दगी भर उन्होंने किसी दूसरी स्त्री को आँख उठाकर भी नहीं देखा।

17. अल्पकालिक यथार्थ का सहारा मत छोड़िए, मगर मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाओं को अपने देश के अंदर के उद्योगों को पूर्णतया सशक्त बनाने के उद्देश्य से मूल औद्योगिकीय शक्तियों को विकसित करना ही होगा।

(b) किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर लिखिए। ( 2 x 5 =10 )

18. सफाई व्यवस्था की ओर नगरपालिका का ध्यान आकर्षित करते हुए संपादक के नाम पत्र लिखें।

19. महाविद्यालय के वातावरण का वर्णन करते हुए माँ के नाम पर पत्र लिखें।

20. जन्म दिन के अवसर पर मित्र के नाम पर निमंत्रण पत्र भेजें।

## SECTION C ( 30 Marks )

III (a) किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर लिखिए। उत्तर 500 शब्दों का हो। ( 2 x 10 = 20 )

21. **क्या भारत विकसित देश बन सकता है?** निबन्ध का सारांश लिखिए।

22. **मजबूरी** कहानी की समीक्षा कीजिए।

23. **यह दुनिया और दिखावा** एकांकी का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(b) किन्हीं **दो** पत्रों का मसौदा तैयार कीजिए। ( 2 x 5 = 10 )

24. बचत बैंक खाता खोलने के लिए आवश्यक पूछताछ करते हुए प्रबंधक के नाम पर एक आवेदन पत्र लिखिए।

25. आदेशित किताबें न मिलने पर पूर्णिमा प्रकाशन, चेन्नई, के नाम पर एक शिकायती पत्र लिखिए।

26. बैंक में हिन्दी अधिकारी पद पर नियुक्ति हेतु अपनी योग्यताओं का विवरण प्रस्तुत करते हुए एक आवेदन पत्र तैयार कीजिए।

* * * * * *

**B.A./B.Sc., DEGREE EXAMINATION, OCTOBER 2016**
**II YEAR - III SEMESTER**

**Foundation Course - Hindi**

**PAPER III - HISTORY OF HINDI LITERATURE UPTO REETHI KAAL MEDIEVAL POETRY AND JOURNALISM**

**Time : 3 hours** **Max. marks: 75**

## SECTION A (20 Marks)

I किन्हीं **दस** प्रश्नों का उत्तर दीजिए। प्रत्येक का उत्तर 50 शब्दों से ज्यादा न हो।

1. कबीर के मतानुसार साहंशाह कौन है?
2. 'सूर सिकत हठि नाव चलायों ये सरिता हैं सूखी' से क्या तात्पर्य हैं?
3. केवट ने अपने पितरों कैसे पार कराया?
4. जीभ के बारे में तिरूवल्लुवर ने क्या कहा?
5. सच्चा मित्र कौन है? रहीम के शब्दों में कहिए।
6. 'भू से अधिक महान' क्या है?
7. कबीरदास की रचनाएँ एवं भाषा के संबंध आप क्या जानते हैं?
8. रामचरित मानस का परिचय दीजिए।
9. आदिकाल के विभिन्न नामकरणों का उल्लेख कीजिए।
10. मीराबाई का परिचय दीजिए।
11. विद्यापति का परिचय दीजिए।
12. रीतिकाल के प्रमुख कवियों का नामोल्लेख कीजिए।

## SECTION B (25 Marks)

II (a) किन्हीं **तीन** पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। ( 3 x 5 = 15 )

13. पानी केरा बुदबुदा इसी हमारी जाति।
एक दिन छिप जाँहिगे, तारे ज्यूँ परभाति।।

14. आँखियाँ हरि दरसन की भूखी ।
कैसे रहैं रूपरसराची ये बितयाँ सुनि रूखी ।
अवधि गनत इकटक मग जोवत तब एती नहिं झूँखी ।
अब इन जोग संदेसन ऊधो अति अकुलानी दूखी ।।

15. छुअत सिला भइ नारि सुहाई । पाहन तें न काठ कठिनाई ।।
तरनिउ मुनि घरिनी होइ जाई । बाट परइ मोरि नाव उड़ाई ।।

16. पुत्र जनन पर जो हुआ, उससे बढ़ आनन्द ।
माँ को हो जब वह सुने, महापुरूष निज नंद ।।

17. रहिमन वे नर मर चुके, जे कहुँ माँगन जाहिं ।
उन तें पहिले वे मुए, जिन मुख निकसत नाहिं ।।

(b) किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर लिखिए। ( 2 x 5 = 10 )

18. पत्रकारिता का लक्षण क्या है?

19. खोजी पत्रकारिता क्या है? समझाइए।

20. पत्रकार के दायित्वों पर प्रकाश डालिए।

## SECTION C (30 Marks)

III निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर 500 शब्दों में लिखिए।

21. पठित अंशों के आधार पर कबीर के दोहों का सारांश लिखिए।

**( अथवा )**

22. केवट प्रसंग का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

23. निर्गुण भक्ति परंपरा की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए?

**( अथवा )**

24. रीतिकाल की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

25. ओलिम्पिक 2016 खेल महोत्सव में भारत का प्रदर्शन पर एक रिपोर्ट तैयार कीजिए।

---